

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

मैं खुद अल्पसंख्यक हूं, मुझे भारतीय होने पर गर्व है

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 13 ■ सोमवार, 17 मार्च 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# निजी ठेकेदार नगरसेवक बनने की फिराक में

- ठेकेदारों की मनमानी पर रोक लगा पाएंगी आयुक्त?
- मनपा मुख्यालय में ठेकेदारों का बोलबाला
- बड़े ठेकेदार शहर का चूस रहे खून
- हर विभाग में निजी ठेकेदार की बले बले
- प्लास्टिक रोकथाम के लिए भी उसी ठेकेदार को ठेका






**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर का यह दुर्भाग्य है कि यहां एक सक्षम अधिकारी भी शहर को सुधार नहीं पा रहा है क्योंकि भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी अंदर तक घुस चुकी है जिसे निकालने वाले को ही निकाला जाता है। मनपा मुख्यालय का तंत्र चलाने के लिए बांधकाम विभाग व नगर विकास विभाग काफी अहम माने जाते हैं। खासकर बांधकाम विभाग जहां से शहर विकास का कार्य होता है। इस विभाग पर बड़े ठेकेदारों का कब्जा है जिसमें नाला सफाई, सड़क मरम्मत, करोड़ों के ठेके एक ही ठेकेदार को दिए जा रहे हैं। अब सुनने में आया है कि निजी ठेकेदार नगरसेवक बनने की फिराक में है और जो पहले से ही शहर का खून चूस रहे थे वो नगरसेवक बनने के बाद शहर को ही खा जाएंगे। कालानी महल ने उन्हें टिकट देने पर सहमति भी जता दी है। ऐसे में कालानी द्वारा ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसा कहा जा सकता है। शहर में प्लास्टिक की रोकथाम के लिए भी उसी निजी ठेकेदार को ठेका दिया गया है जो पहले से ही भ्रष्टाचार फैला हुए हैं। अब क्या इस ठेकेदार की मनमानी को रोकने के लिए मनपा आयुक्त कड़े कदम उठाएंगी क्योंकि अगर इस ठेकेदार की पोल खुली तो शहर का भला होगा।

वहीं मनपा PWD विभाग के अंतर्गत सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं। विभाग में केवल दो पद,उप अभियंता संदीप जाधव और कनिष्ठ अभियंता तरुण सेवकानी, स्थायी हैं इन दोनों के भ्रष्टाचार के बड़े बड़े कारनामे किए हैं जबकि अन्य पद संविदा आधार पर हैं। जाधव के छुट्टी पर जाने और सेवकानी को वार्ड समिति कार्यालय में स्थानांतरित कर दिए जाने से विभाग में हताशा का माहौल है। ऐसे में यहां साफ सुथरी छवि के अधिकारी की आवश्यकता है।

### अधिकारियों के बीच आंतरिक विवाद चरम पर?

शहरों में सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं, लेकिन इंजीनियरों के पदों की कमी के कारण इन पर नियंत्रण कौन करेगा? ऐसा प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने विभिन्न सरकारी नियुक्तियों के लिए सरकार से संपर्क किया। बताया गया कि कुल 146 पदों पर भर्ती जल्द ही की जाएगी। निर्माण विभाग की तरह जलापूर्ति विभाग में भी इंजीनियरों के पद अपर्याप्त हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि इंजीनियरिंग के कुछ पद ऐसे हैं, जिनके बीच आंतरिक विवाद अक्सर सामने आते रहे हैं। भूमिगत सीवर परियोजना के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं तथा दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है। शहर विकास के लिए रिक्त पड़े इंजीनियर पदों को स्थायी रूप से भरने की मांग की जा रही है।

# उल्हासनगर के लिए स्वतंत्र जल स्रोत



- जल संसाधन मंत्री के साथ उच्चस्तरीय बैठक में सकारात्मक चर्चा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर को जल्द ही एक स्वतंत्र जल स्त्रोत मिलने की संभावना है। इसके लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्हासनगर के लिए अलग जल आरक्षण और आत्मनिर्भर जल संसाधनों की मांग को लेकर कई वर्षों से चल रहे प्रयास अब गति पकड़ रहे हैं। इस संबंध में जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उल्हासनगर के लिए जल आरक्षण और स्वतंत्र जल स्त्रोत की स्थापना के संबंध में सकारात्मक चर्चा हुई।

विधान भवन में आयोजित बैठक में जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन, प्रधान सचिव दीपक कपूर, विधायक कुमार आयलानी, सुलभा गायकवाड़, किसन कथोरे, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले, उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा और जलापूर्ति विभाग अधिकारी अशोक घुले उपस्थित थे। बैठक में विधायक आयलानी ने उल्हासनगर की बढ़ती जल समस्या और भविष्य की जरूरतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

शहर में अभी भी कोई अलग जल भंडार नहीं है। शहर को उपलब्ध पानी एमआईडीसी कोटे से आता है। इसके लिए महानगर पालिका को अधिक दर चुकानी पड़ती है। इसके अलावा, यह भी बताया गया कि जलापूर्ति और बूस्टर पंपों के लिए आवश्यक बिजली लागत से महानगरपालिका पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है।

### 38 एमएलडी अतिरिक्त जल की आवश्यकता

उल्हासनगर की जनसंख्या को देखते हुए भविष्य में 38 एमएलडी अतिरिक्त जल संचयन की आवश्यकता होगी। इसलिए, आयलानी ने बैठक में कहा कि शहर के लिए एक स्वतंत्र जल स्रोत स्थापित करना आवश्यक है। इस चर्चा को गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने मामले का गहन अध्ययन कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। इससे उल्हासनगर के निवासियों को स्थायी जल संकट की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# प्रदूषण फैलाने वाली 24 कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई

- विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने पूछा था तारांकित प्रश्न



**बदलापुर.** राज्य सरकार ने बदलापुर शहर में रासायनिक प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों पर नकेल कसी है। पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने विधान परिषद को बताया है कि अब तक 24 प्रदूषणकारी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कोंकण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने बजट सत्र में इस संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा था।

बदलापुर के खरवई इलाके में एक केमिकल एमआईडीसी है और इस एमआईडीसी में केमिकल कंपनियां अक्सर हवा में रासायनिक गैसों का उत्सर्जन करती हैं। बदलापुर के लोग वातावरण में फैल रही इस रासायनिक गैस के कारण लगातार परेशान हो रहे थे। इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाला तारांकित प्रश्न विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने पूछा था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने बताया है कि बदलापुर एमआईडीसी में अब तक कुल 24 कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इनमें से 5 कम्पनियों के विरूद्ध उत्पादन बंद करने की कार्रवाई की गई है, 5 कम्पनियों को अन्तरिम आदेश जारी किए गए हैं, 5 कम्पनियों को प्रस्तावित आदेश जारी किए गए हैं तथा 9 कम्पनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

पंकजा मुंडे ने यह भी बताया कि गैसों के उत्सर्जन के कारण बदलापुर के लोगों को होने वाली भारी असुविधा को देखते हुए कंपनी को नियमों का पालन करने का आदेश दिया गया था, लेकिन ऐसा नहीं करने पर कंपनी को उत्पादन बंद करने का आदेश दिया गया।

# उलन चाल रोड पर रमजान में ट्रैफिक

- पुलिस तैनात किया जाए
- हेवी वेहिकल के लिए नो इंट्री हो
- अरबाज कुरेशी ने की मांग

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के उलन चाल में एवीपी रोड पर रोजे इफ्तार की खरीदारी के लिए मुसलमान की भीड़ हो जाती है. शाम में 6 से 7 के बीच ही सड़क पर ट्रैफिक जाम देखने को मिल रहा है. एनसीपी विद्यार्थी सेल के अध्यक्ष अरबाज कुरैशी ने पुलिस से मांग की है कि इस सड़क पर एक ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए ताकि ट्रैफिक भी ना हो और कोई हादसा भी ना हो. उलन चाल में मुसलमानों की जनसंख्या ज्यादा होने के कारण शाम में इफ्तार के समय यहां पर फल, खजूर, समोसे, भजिए, शरबत आदि के कई ठेले सड़क के किनारे शाम 5:00 बजे से लग जाते हैं. शाम 7:00 बजे से पूर्व इफ्तारी का समय है. सामान खरीदारी के लिए महिलाएं पुरुष बच्चे सभी एकत्रित हो जाते हैं. जैसे ही मगरिब की अजान होती है. इफ्तारी के लिए सभी घरों में चले जाते हैं. शाम में 6 से 7 के बीच में ट्रैफिक जाम हो जाता है. अरबाज ने ट्रैफिक विभाग से मांग की है की पनवेलकर गार्डन से शास्त्री हिंदी विद्यालय से हैवी व्हीकल के लिए शाम में एसीपी रोड पर नो एंट्री की जाए.

# उल्हासनगर-5 में पानी की किल्लत



- पांच दिन से पानी का संकट
- प्रशासन के खिलाफ नागरिकों का गुस्सा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के कैंप नंबर 5 में पानी की गंभीर कमी है। पिछले पांच दिनों से पानी नहीं आने के कारण घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं है। अंततः गुस्साए नागरिकों ने खड़ी मशीन क्षेत्र में स्थित जलापूर्ति केंद्र का घेराव कर लिया और प्रशासन को आड़े हाथों लिया। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं, जबकि लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नागरिकों ने कड़ा रुख अपनाते हुए विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है और कहा है कि जब तक जलापूर्ति बहाल नहीं हो जाती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

रंग पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया, लेकिन कैंप 5 के नागरिक पानी के बिना परेशान हैं। नागरिक सुचारू जलापूर्ति की मांग को लेकर खड़ी मशीन क्षेत्र स्थित पम्पिंग स्टेशन पर एकत्र हुए और उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। इससे कुछ समय के लिए भारी तनाव पैदा हो गया।

फिलहाल प्रशासन टैंकों के जरिए शेष क्षेत्रों में पानी पहुंचाने का दावा कर रहा है। यद्यपि कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति बहाल कर दी गई है, लेकिन कैंप पांच के कई निवासी अभी भी पानी के बिना हैं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस पर कुछ नागरिकों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए जलापूर्ति केंद्र पर धरना भी दिया था। अंततः गुस्साए नागरिकों के गुस्से को देखते हुए प्रशासन को पीछे हटना पड़ा और तत्काल जलापूर्ति बहाल करने का वादा करना पड़ा।

# आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय के लिए मनपा आयुक्त ने की पहल

- 5 माह का संयुक्त मानधन जारी

**उल्हासनगर.** पिछले कुछ महीनों से मानदेय से वंचित उल्हासनगर की आशा कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के दिन ही उनके मुखौटे पहनकर मनपा पर मोर्चा निकाला था। इस मोर्चे को गंभीरता से लेते हुए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कार्यकर्ताओं की मदद की और 225 आशा कार्यकर्ताओं के खातों में 5 महीने का संयुक्त चेक जमा किया गया है।



इस मानधन से स्वयंसेविकाएं बेहद खुश हैं। ये आशा स्वयंसेविकाएं पिछले कई सालों से मनपा के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में काम कर रही हैं। चाहे कोविड काल हो, बाढ़ की स्थिति हो या कोई आपातकालीन स्थिति, इन्होंने अपनी जान हथेली पर रखकर उन्हें दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाया है। अब इन्हें 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। हालाँकि, इन आशा स्वयंसेवकों को अक्टूबर 2024 से उनका मानदेय नहीं मिला था, इसलिए उन्होंने महाराष्ट्र राज्य समूह प्रवर्तक और आशा स्वयंसेवक संघ की ओर से भगवान दवणे और डॉ. राजाराम रासकर के नेतृत्व में, सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि 10 मार्च को मनपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

मानदेय के संबंध में जब प्रतिनिधिमंडल आयुक्त मनीषा आव्हाले से मिला तो उन्होंने संबंधित अधिकारी दिनेश सरोदे को आदेश दिया कि वे 5 महीने के मानदेय का संयुक्त चेक आशा स्वयंसेवकों के बैंक खाते में तत्काल जमा कराएं। तदनुसार, उन्होंने 6 इकाइयों में विभाजित आशा स्वयंसेवकों के खाते में चेक जमा करने के लिए आयुक्त मनीषा आव्हाले को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि उन्हें हर महीने समय पर मानदेय मिलेगा।

# बदलापुर में बिजली कटौती जारी




**बदलापुर.** गर्मी शुरू होते ही बदलापुर शहर में बिजली कटौती की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इससे नागरिकों में उपजे आक्रोश के बीच उल्हासनगर और अंबरनाथ विभाग में दमकल गाड़ियों की क्षमता बढ़ाने के लिए कुल 8 दिनों तक तकनीकी काम किया गया है। इसलिए बदलापुर के नागरिकों की बिजली की मांग को पूरा करने के लिए चरणबद्ध तरीके से लोड प्रबंधन किया जा रहा है। इसके कारण शहर के कई हिस्सों में बिजली गायब हो रही है।

जहां एक ओर तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। वहीं दूसरी ओर, महापारेषण कंपनी मंगलवार से अंबरनाथ के आनंदनगर सब स्टेशन में एम्पीयर क्षमता वाले जनरेटर की क्षमता बढ़ाने का काम कर रही है। इसके लिए इस हाई-वोल्टेज लाइन के माध्यम से प्रदान की जाने वाली बिजली की आपूर्ति लगभग आठ से नौ दिनों तक बंद रहेगी, यानी तकनीकी कार्य पूरा होने तक। इस सप्ताह तापमान बढ़ गया है। इस पृष्ठभूमि में, महावितरण के लिए बदलापुर पूर्व के आवासीय क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करना असंभव हो गया है। इसलिए कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद कर अन्य इलाकों में बिजली आपूर्ति करने का प्रबंध किया जा रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में, प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक बिजली की आपूर्ति काट दी गई।

देश के पूर्वी और पश्चिमी भागों में बिजली कटौती जारी है। महावितरण निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने में विफल हो रहा है, वहीं गर्मी के बीच शुरू किए गए इस काम को लेकर अब नागरिक आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

## कल्याण में 12 किलो गांजा जब्त

**कल्याण.** कल्याण में पुलिस ने जाल बिछाकर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है. गांजा तस्कर से पूछताछ के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि वह बीड का रहने वाला है.उसके पास से बिक्री के लिए लाया गया 12 किलो गांजा बरामद किया गया हैं,

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बीड का रहने वाला है और वह गांजा बेचने के लिए बीड से कल्याण लाया था. यह गांजा किसे बेचने के लिए लाया गया था? गांजा तस्करों का तस्करों और बीड़ के बीच क्या संबंध है? पुलिस इसकी जांच कर रही है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 किलो 436 ग्राम गांजा बरामद किया है. गांजा तस्कर का नाम शकील शेख है.

# QR कोड के जरिए कचरा प्रबंधन प्रणाली पर नज़र



- सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन

**उल्हासनगर.** महानगरपालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण भारत अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर नजर रखने के लिए घरों, इमारतों और सोसायटियों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं। उल्हासनगर महानगरपालिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने घर-घर स्क्रीनिंग शुरू कर दी है।

आयुक्त मनीषा आव्हाले और अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण भारत के अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने सबसे पहले घर से सफाई शुरू करने के उद्देश्य से मनपा मुख्यालय के बाहर परिसर और चौक की पानी से सफाई की है। इसके बाद मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केने, एकनाथ पवार, निरीक्षक अंकुश सोनवणे, रवि बहनवाल, रवि टाक, अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संगठन की राधा कुसत शेख और पूर्वजा पगारे ने घर-घर जाकर कचरा व्यवस्था के लिए लगाए गए क्यूआर कोड का सत्यापन किया।

### एक क्लिक पर क्यूआर कोड में जानकारी

सोसायटियों, इमारतों और घरों के दरवाजों पर लगाए गए कचरा संग्रहण प्रणाली के क्यूआर कोड से एक क्लिक पर जानकारी मिल जाएगी कि कचरा संग्रहण वाहन आया या नहीं, कर्मचारियों ने कचरा एकत्र किया या नहीं, नागरिकों ने गीला और सूखा कचरा अलग किया या नहीं और कचरा निपटान के लिए अपील करने के लिए घूम रहे कचरा संग्रहण वाहन में कचरा डाला गया या नहीं। मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केने ने यह भी बताया कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने वाले नागरिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। केन ने कहा कि वर्तमान में, अपशिष्ट प्रणाली पर नजर रखने के लिए शहर में 1.5 मिलियन क्यूआर कोड सक्रिय हैं, और कुल 1.7 मिलियन क्यूआर कोड स्थापित किए जाएंगे।

# कल्याण आरटीओ में असुविधाओं का अंबार!

- नागरिकों को दिन-प्रतिदिन करना पड़ रहा असुविधा का सामना
- विधायकों ने भी जताया रोष



**कल्याण.** कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ( आरटीओ ) में हर दिन सैकड़ों नागरिक आते-जाते हैं। हालांकि, कल्याण और कुछ अन्य शहरों के लिए महत्वपूर्ण आरटीओ फिलहाल समस्याओं से घिरा हुआ है। नागरिक इस बात को लेकर रोष व्यक्त कर रहे हैं।

कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ( आरटीओ ) में बढ़ती अराजकता के खिलाफ नागरिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यालय में पीने के पानी की कमी, अस्वच्छ वातावरण, कूड़े के ढेर, असुविधाजनक बैठने की व्यवस्था तथा पूछताछ के लिए खिड़की का अभाव पाया गया। नागरिकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे विभिन्न कार्यों के लिए लगातार चक्कर लगाना, अधिकारियों की ओर से शिष्टाचार की कमी और काम में देरी।

इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य भर के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए 100 दिवसीय, सात सूत्री कार्य योजना की घोषणा की थी, लेकिन कल्याण आरटीओ में इसका कोई भी क्रियान्वयन नहीं किया गया। यह कार्यालय जनता को बंधक बना रहा है क्योंकि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं और प्रशासन कहीं नजर नहीं आता। इसलिए विधायक कुमार आयलानी ने स्पष्ट किया है कि वे इस मामले में व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

### आरटीओ में पानी की कमी और गंदगी

पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। नानजीभाई ठक्कर ट्रस्ट द्वारा लगाए गए नल सूख गए हैं और उनके आसपास की दीवारें भी टूट गई हैं और उनमें दरारें पड़ गई हैं। शिक्षण अनुभाग में पानी की केवल एक छोटी बोतल है, लेकिन बाहर लंबी कतार में खड़े नागरिक अंदर जाकर पानी भी नहीं पी पा रहे हैं। यहां प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक विभिन्न प्रयोजनों से आते हैं, लेकिन उनके लिए बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

### पूछताछ खिड़की का अभाव

नागरिकों के लिए कोई अलग पूछताछ खिड़की नहीं है। पूछताछ के लिए आने वाले नागरिकों को प्रवेश व निकास खिड़की पर भेज दिया जाता है, लेकिन वहां अन्य कार्य होने के कारण नागरिकों को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती है। अक्सर इस खिड़की पर कोई अधिकारी या कर्मचारी नहीं होता। विधायक ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि नागरिकों को बिना किसी बाधा के सुविधाएं प्राप्त हों, यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सुधार नहीं किए गए तो यह समस्या और बढ़ जाएगी।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## लोकतंत्र में असहिष्णुता?

लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले चार स्तंभों में से एक को हमेशा राजसत्ता का प्रहार सहना पड़ा है। सत्ता का विरोध और उनकी कमियों को उजागर करने वाले पत्रकारों के प्रति असहिष्णुता नई बात नहीं। मगर एक लोकतांत्रिक देश में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर ऐसी स्थिति में कोई भी पत्रकार समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक की आवाज कैसे पहुंचा पाएगा? दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे पत्रकारों के सामने कहीं अधिक चुनौतियां हैं। सच्चाई उजागर करने पर उन्हें धमकियां मिलती हैं। कई बार सच की कीमत उन्हें जान देकर चुकानी पड़ती है।

ऐसे में अभिव्यक्ति की आजादी स्वाभाविक रूप से बाधित होती है। महिला पत्रकारों को भी ज्यादती का सामना करना पड़ता है। बुधवार को तेलंगाना में दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी इसलिए चिंता का विषय है कि हम कैसी परंपरा स्थापित कर रहे हैं! आनलाइन चैनल की दोनों पत्रकारों की गलती यह थी कि उन्होंने एक ऐसे नागरिक का साक्षात्कार लिया था, जो तेलंगाना सरकार से नाराज था। अगर कुछ अशोभनीय या असम्मानजनक था, तो इसका हल पत्रकारों की गिरफ्तारी नहीं है।

सवाल है कि क्या महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी ही एकमात्र विकल्प था। जबकि मुद्दा चाहे कोई भी हो, नागरिकों की आवाज को अपने समाचार में जगह देना पत्रकार का आम दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा और जनता की परेशानियां तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। विगत कुछ दशकों में सत्ता का चरित्र इस कदर बदला है कि वह अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहती।

असहिष्णुता इस कदर बढ़ रही है कि पत्रकार जब दायित्व निभाते हैं, तो कई बार उसे विरोधी मान कर उनका दमन किया जाता है। तेलंगाना में महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का जिस तरह इस्तेमाल किया गया, वह निराशाजनक है। लोकतंत्र की सेहत के लिए इसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। इस तरह की कार्रवाई से दुनिया में गलत संदेश जाता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है।

# नाकामी की पोल खोलता नदियों का प्रदूषण, राजनीति इच्छाशक्ति जरूरी



जलशक्ति मंत्रालय की ओर से संसद में दी गई यह जानकारी निराश करने वाली है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने का काम सही तरह नहीं हो पा रहा है। यह स्वीकारोक्ति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि एक लंबे समय से कहा जा रहा है कि नदियों में सीवरों का गैर शोधित पानी नहीं गिरने दिया जाएगा।

बीते दिनों संसद में दी गई जानकारी से यह पता चल रहा है कि सीवेज सिस्टम की खामी से नदियों को प्रदूषण मुक्त करने में बाधा आ रही है। 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता में आने के साथ ही जब गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने का अभियान नए सिरे से शुरू किया और इसके लिए एक नई व्यवस्था बनाई, तब यह उम्मीद बंधी थी कि इस नदी को प्रदूषण मुक्त करने के साथ अन्य नदियों को प्रदूषित होने से रोकने में सफलता मिलेगी, लेकिन स्थिति यह है कि अभी गंगा को भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं किया जा सका है।

नदियों में सीवरों और गंदे नालों का पानी बिना शोधित किए न जाने पाए, यह देखने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके नगर निकायों की है, लेकिन वे इसमें कोताही बरत रहे हैं। इसी का नतीजा है कि अभी भी नदियों का प्रदूषण जारी है। इसका कारण यह है कि जहां सीवेज शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं, वहीं अनेक शहरों के गंदे नाले अभी तक इन संयंत्रों से नहीं जोड़े जा सके हैं।

दुनिया के अन्य देशों की तरह अपने देश में भी तमाम शहर नदियों किनारे बसे हुए हैं। समय के साथ नदियों के तट पर आबादी का घनत्व भी बढ़ रहा है। इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास सीवेज सिस्टम नहीं है, क्योंकि वह अनधिकृत कॉलोनियों में अधिक रहती है। इसके अलावा शहरों का जो सीवेज सिस्टम है, वह पुराना पड़ चुका है। समस्या इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सीवेज सिस्टम पर्याप्त क्षमता के नहीं हैं। वे सीवरों का पूरा गंदा पानी शोधित नहीं कर पाते।

इसके चलते सीवरों का गैर शोधित पानी सीधे नदियों में जाता है। यह स्थिति महानगरों में भी है। पिछले दिनों दिल्ली में सत्ता बदलने के बाद से यमुना की सफाई पर खूब चर्चा हो रही है। चुनाव में यमुना का प्रदूषण एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था। हालांकि आम आदमी पार्टी सरकार भी यमुना को साफ करने की बात करती थी, लेकिन वह नाकाम रही। इसका एक कारण राज्य और केंद्र सरकार का झगड़ा भी रहा। इस झगड़े की वजह से यमुना की सफाई प्राथमिकता नहीं बन सकी।

शायद ही कोई दल हो, जो नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने की बात न करता हो, लेकिन इसके बाद भी वे प्रदूषित बनी हुई हैं। यह राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दर्शाता है। नदियों के प्रदूषित होने का एक बड़ा कारण नगर नियोजन से संबंधित नौकरशाही का नकारापन भी है। नौकरशाही ने नदियों किनारे होने वाली अनियोजित बसाहट को रोकने में उदासीनता का ही परिचय दिया है। उन्होंने इसे लेकर सरकारों को आगाह भी नहीं किया।

नदियों के प्रदूषण में नौकरशाही की भूमिका पर कभी कोई ठोस चर्चा नहीं हुई। अच्छा हो कि सरकार इस पर कोई श्वेतपत्र लाए कि नदियां क्यों प्रदूषित हैं? श्वेतपत्र में इसका भी उल्लेख किया जाए कि जब नदियों किनारे बसाहट हो रही था, तब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बढ़ती आबादी के लिए उपयुक्त सीवेज सिस्टम का निर्माण क्यों नहीं करा रहे थे?

यदि यह मान लिया जाए कि पहले इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आखिर इसका क्या मतलब कि अब भी ध्यान न दिया जाए। एक ऐसे समय जब केंद्र के साथ राज्य सरकारों की ओर से नदियों को साफ करने के दावे किए जा रहे हैं, तब सीवेज सिस्टम में सुधार न हो पाना, गंदे नालों का सीवेज शोधन संयंत्रों से न जुड़ पाना और इन संयंत्रों का पूरी क्षमता से काम न कर पाना चकित करता है।

अरबों रुपये सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए जा चुके हैं, पर यही तथ्य बार-बार सामने आता है कि यह व्यवस्था अपर्याप्त और असंतोषजनक है। सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाए गए कई सीवेज शोधन संयंत्र एक-दो साल चलने के बाद ही बंद हो जाते हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जीवन में सफलता की कुंजी है प्रभु पर ध्यान केंद्रित रखना।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारत-मारीशस संबंधों में नई ऊर्जा

भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है और दुनिया में समकालीन उथल-पुथल के बीच लगभग हर दौर में अलग-अलग स्तर पर दोनों देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय लिखे जाते रहे। इसी क्रम में अगली कड़ी के तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री की मारीशस यात्रा को कई कारणों से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इसलिए भी कि दुनिया इस समय भू-राजनीति के एक जटिल दौर से गुजर रही है और इसमें आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर नए ध्रुव बन रहे हैं।

ऐसे में भारत के रुख पर विकासशील देशों या 'वैश्विक दक्षिण' के साथ-साथ महाशक्ति माने जाने वाले देशों की भी नजर रहती है। यों जब शीतयुद्ध के दौरान दुनिया दो मुख्य ध्रुवों में बंटी हुई थी और कई देशों के नीतिगत फैसले भी उसी से तय होते थे, उस दौर में भी भारत की अहमियत जगजाहिर रही। अब पिछले कुछ समय से अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ दुनिया भर में बन रहे नए समीकरण के बीच भी भारत का रुख सभी देशों के लिए मायने रखता है। अच्छा यह है कि भारत ने महाशक्ति कहे जाने वाले से लेकर बाकी तमाम देशों के साथ अपने संबंधों को खास महत्त्व दिया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की ताजा मारीशस यात्रा के आखिरी दिन 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-मारीशस का संयुक्त दृष्टिकोण' जारी किया गया, जो मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच खास और अनूठे संबंधों को रेखांकित करता है। इस दौरान बनी सहमति के तहत बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त, आवास, अपराध की जांच, समुद्री



यातायात निगरानी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित बातचीत के जरिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

इनमें भारत द्वारा मारीशस की नई संसद भवन का निर्माण भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों से चीन के रवैये के मद्देनजर रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहयोग को भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ मान कर साझेदारी के सफर को आगे बढ़ाना भी एक अहम कड़ी है। हालांकि मुक्त और सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र सुनिश्चित करने के मामले में साझा प्रतिबद्धता वाले देश के रूप में इन दोनों देशों को एक स्वाभाविक साझीदार माना जाता है। यही वजह है कि क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का सामना करने और व्यापक रणनीतिक हितों की सुरक्षा के लिए मिल कर काम करने का अपना पुराना संकल्प दोहराया।

दरअसल, भारतीय विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में 'पड़ोस प्रथम' के तहत भी मारीशस का स्थान महत्त्वपूर्ण है। हिंद महासागर में मारीशस अपनी भौगोलिक अवस्थिति की वजह से भारत के लिए एक बेहद अहम रणनीतिक साझेदार है। भारत को भी इसकी अहमियत का भान है, इसलिए मित्रता का स्वाभाविक दायित्व निभाने के साथ-साथ भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मारीशस में कई विकास योजनाओं में निवेश किया है।

इस क्रम में दोनों देशों के बीच रिश्ते में एक गहराई भी आई है। रणनीतिक लिहाज से मारीशस की भारत के साथ बढ़ती घनिष्ठता से चीन का असहज होना स्वाभाविक ही है, क्योंकि बीते कुछ समय से चीन कई स्तर पर ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए है, जिससे भारत को घेरा जा सके। उम्मीद की जा सकती है कि मारीशस के साथ भारत का संबंध अब एक नए अध्याय में प्रवेश करेगा, जिसमें नई वैश्विक परिस्थितियों के मुताबिक रणनीतियां तय होंगी।

# इस शहर में होली पर निकलती है अनोखी बारात

बीकानेर में धुलंडी के दिन एक अनोखी परंपरा निभाई जाती है, जिसमें दूल्हा बारात लेकर लड़की के घर

**जरा हट के**

जाता है, लेकिन दुल्हन के बिना ही वापस लौट आता है. यह परंपरा 300 साल पुरानी है और हर्ष जाति का अविवाहित युवक विष्णु रूप में सजकर इस बारात में दूल्हा बनकर शामिल होता है. लोग मानते हैं कि इस परंपरा में दूल्हा बनने वाले युवक की एक साल के भीतर शादी हो जाती है.

इस बार ऋषि हर्ष विष्णु रूप में दूल्हा बने और मोहता चौक से बारात लेकर निकले. बैंड-बाजे की धुन पर बारातियों ने मांगलिक गीत गाए और दूल्हे का स्वागत किया. बारात शहर के 13 प्रमुख मकानों तक पहुंची, यहां घर की महिलाओं ने पोखने की रस्म निभाई और मांगलिक गीत गाए. इस परंपरा में न तो विवाह होता है और न ही फेरे. दूल्हा इन मकानों पर रस्म निभाने के बाद पुनः मोहता चौक लौट आता है. इस दौरान



दूल्हा और बाराती 13 मकानों पर पहुंचते हैं, यहां महिलाएं इसे पोखने की रस्म निभाती हैं.

### हर साल बिना दुल्हन के लौटता है दूल्हा

इतिहास के व्याख्याता मुकेश हर्ष के अनुसार, यह परंपरा तीन शताब्दियों से निभाई जा रही है. जिस रास्ते से बारात गुजरती है, वहां का माहौल एक विवाह जैसा बन जाता है. शंखध्वनि, झालर की झंकार और मांगलिक गीतों के बीच यह बारात प्रेम, सद्भाव और परंपरा का संदेश देती है. धुलंडी पर निकलने वाली इस अनूठी बारात की विशेषता यह है कि दूल्हा हर साल बिना दुल्हन के लौटता है, फिर भी उल्लास और उमंग में कोई कमी नहीं होती. बारातियों की खूब खातिरदारी की जाती है और जिन मार्गों से बारात निकलती है, वहां का माहौल विवाह मय हो जाता है.

हर्ष जाति का अविवाहित युवक ही इस परंपरा में दूल्हा बनता है और बारात में शामिल होकर वह दस से अधिक निर्धारित मकानों पर पहुंचता है.

# ढाबा स्टाइल भिंडी फ्राई

खाना-खजाना

अगर आप भी ढाबे के खाने के जबरदस्त स्वाद के दीवाने हैं, तो आज हम आपके लिए लाए हैं ढाबा स्टाइल भिंडी फ्राई की आसान और मजेदार रेसिपी। यह भिंडी कुरकुरी, मसालेदार और इतनी स्वादिष्ट बनती है कि एक बार खाने के बाद इसे बार-बार बनाने का मन करेगा। तो बिना देर किए जानिए इसे बनाने का आसान तरीका।

**सामग्री :**

- 250 ग्राम भिंडी
- 2 बड़े चम्मच बेसन
- 1 बड़ा चम्मच चावल का आटा (अधिक कुरकुरी बनाने के लिए)
- 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- ½ छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- 1 छोटा चम्मच गरम मसाला
- ½ छोटा चम्मच चाट मसाला
- ½ छोटा चम्मच अमचूर पाउडर
- 1 छोटा चम्मच कसूरी मेथी
- नमक स्वादानुसार
- तलने के लिए तेल



**विधि :**

सबसे पहले भिंडी को अच्छे से धोकर सुखा लें। इसे लंबा और पतला काट लें, ताकि तलने पर यह अच्छी तरह से क्रिस्पी बने। फिर एक बड़े बाउल में कटी हुई भिंडी डालें। इसमें बेसन, चावल का आटा, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, चाट मसाला, अमचूर पाउडर, कसूरी मेथी और नमक डालें।

इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिलाएं, ताकि भिंडी पर मसाले अच्छे से कोट हो जाएं। इसके बाद कड़ाही में तेल गरम करें। जब तेल अच्छी तरह गरम हो जाए, तो धीमी आंच पर भिंडी को डालें और गोल्डन ब्राउन व क्रिस्पी होने तक तलें। जब भिंडी कुरकुरी हो जाए, तो इसे निकालकर टिशू पेपर पर रखें, ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाए। अब ऊपर से थोड़ा चाट मसाला छिड़कें और गर्मागर्म पराठे या रोटी के साथ परोसें। फिर इसे हरी चटनी या दही के साथ सर्व करें। इसे भिंडी चाट की तरह बनाना चाहें, तो ऊपर से कटे हुए प्याज, हरा धनिया और नींबू का रस डाल सकते हैं। यह दाल-चावल, रोटी-सब्जी के साथ भी बेहतरीन लगती है।

# योग करने से पहले क्या करना चाहिए?

**योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। योग के जरिए से न केवल शरीर को लचीला और मजबूत बनाया जा सकता है, बल्कि मन को शांत और तनावमुक्त भी किया जा सकता है। हालांकि, योग का पूरा फायदा उठाने के लिए केवल आसन करना ही काफी नहीं है। योग करने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। यहां हम 4 ऐसे काम बता रहे हैं, जो योग करने से पहले करने चाहिए।**



### खाली पेट योग करें

योग करने से पहले यह ध्यान रखें कि आपका पेट खाली हो। खाना खाने के तुरंत बाद योग करने से शरीर में भारीपन महसूस हो सकता है और पाचन में समस्या आ सकती है। योगासन करते समय शरीर को मोड़ना, घुमाना और स्ट्रेच करना पड़ता है, जो भरे पेट में असुविधाजनक हो सकता है। इसलिए, योग करने से कम से कम 2-3 घंटे पहले तक कुछ नहीं खाना चाहिए। यदि आपको भूख लग रही है, तो योग से पहले हल्का स्नैक जैसे फल या जूस ले सकते हैं।

### वॉर्म अप करें

योगासन शुरू करने से पहले वॉर्म अप करना बहुत जरूरी है। वॉर्म अप करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और मांसपेशियों में लचीलापन आता है। इससे चोट लगने का खतरा कम हो जाता है। वॉर्म अप के लिए आप सूर्य नमस्कार, जॉगिंग, स्ट्रेचिंग या हल्की एक्सराइज कर सकते हैं। वॉर्म अप करने से शरीर योगासन के लिए तैयार हो जाता है और आसन करने में आसानी होती है।

### आरामदायक कपड़े पहनें

योग करते समय आरामदायक और ढीले कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। टाइट कपड़े पहनने से शरीर को सही तरीके से मोड़ने और स्ट्रेच करने में दिक्कत हो सकती है। आरामदायक कपड़े पहनने से आप आराम से हिल-डुल सकते हैं और योगासन को सही तरीके से कर सकते हैं। सूती कपड़े योग के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को हवा लगने देते हैं।

### धीरे-धीरे शुरुआत करें

योग करते समय धीरे-धीरे शुरुआत करना बहुत जरूरी है। अगर आप पहली बार योग कर रहे हैं या बहुत समय बाद योग कर रहे हैं, तो मुश्किल आसन करने की कोशिश न करें। पहले आसान आसनों से शुरुआत करें और धीरे-धीरे अपने शरीर को योग के लिए तैयार करें। योग करते समय शरीर की सीमाओं का ध्यान रखें और जबरदस्ती न करें। योग करने का मकसद शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ और मजबूत बनाना है।

## आज का राशिफल

**मेष :** भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ :** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम के कार्य टालें।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क :** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**सिंह :** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। चिंताओं में कमी होगी।

**कन्या :** पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें।

**तुला :** कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**वृश्चिक :** फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अज्ञात भय रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**मकर :** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता मिलेगी।

**मीन :** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पिएं नींबू और शहद

## शरीर में दिखेंगे हैरतअंगेज फायदे



नींबू और शहद एक प्राकृतिक औषधि है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। यहां कुछ फायदे हैं जो नींबू और शहद पीने से मिल सकते हैं। अगर आप रेगुलर नींबू और शहद का सेवन करते हैं तो कई फायदे आपको मिल सकते हैं। अगर सुबह उठकर शहद में नींबू निचोड़कर पी लिया जाए तो सेहत और बेहतर हो जाती है। आज हम आपको नींबू और शहद पीकर होने वाले फायदों के बारे में बता रहे हैं।

### 1. वजन कम करना

नींबू और शहद वजन कम करने में मदद करते हैं। नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो शरीर में वसा को जलाने में मदद करता है, जबकि शहद में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाते हैं। अगर सुबह उठकर आप नींबू और शहद का सेवन करते हैं तो यह आपको काफी फायदा पहुंचाता है।

### 2. हाजमा होता है बेहतर

नींबू और शहद पीने से आपका हाजमा भी बेहतर होता है। इसके साथ ही नींबू और शहद पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करते हैं। नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो पाचन में सुधार करने में मदद करता है, जबकि शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो पाचन तंत्र में संक्रमणों को रोकते हैं।

### 3. चेहरे पर आती है चमक

नींबू और शहद त्वचा को सुधारने में मदद करते हैं। नींबू में विटामिन सी होता है जो त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाता है, जबकि शहद में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो त्वचा में मौजूद विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करते हैं।

### 4. इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

नींबू और शहद प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नींबू में विटामिन सी होता है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, जबकि शहद में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करते हैं।

# वॉटर फास्टिंग के फायदे व नुकसान

### शरीर का डिटॉक्सिफिकेशन

हमारे शरीर में रोजाना खान-पान और पर्यावरण के कारण कई हानिकारक तत्व (toxins) जमा हो जाते हैं। जब आप Water Fasting करते हैं, तो शरीर इन टॉक्सिन्स को बाहर निकालने लगता है। यह लिवर और किडनी को साफ करने और पाचन तंत्र को आराम देने में मदद करता है।

### वजन घटाने में मददगार

अगर आप तेजी से वजन कम करना चाहते हैं, तो वॉटर फास्टिंग आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। जब शरीर को बाहर से कोई कैलोरी नहीं मिलती, तो यह स्टोर्ड फैट को एनर्जी में बदलने लगता है, जिससे फैट बर्न होता है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल में मददगार

वॉटर फास्टिंग शरीर की इंसुलिन संवेदनशीलता (Insulin Sensitivity) को बढ़ाता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। यह उन लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है, जिन्हें टाइप-2 डायबिटीज का खतरा है।



हालांकि, डायबिटीज़ मरीजों को यह उपवास करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

### हार्ट हेल्थ में सुधार

कई स्टडीज बताती हैं कि Water Fasting कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। इसके अलावा, यह सूजन को भी कम करता है, जिससे हृदय और संपूर्ण शरीर की सेहत बेहतर होती है।

### क्या वॉटर फास्टिंग के नुकसान भी हैं?

भले ही वॉटर फास्टिंग के कई फायदे हैं, लेकिन इसके कुछ साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं, खासकर अगर इसे सही तरीके से न किया जाए।

### कमजोरी और सिरदर्द

शरीर को जब बाहर से कोई कैलोरी नहीं मिलती, तो शुरुआत में थकान, कमजोरी और सिरदर्द महसूस हो सकता है।

### डिहाइड्रेशन का खतरा

अगर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पिया गया, तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है।

### मेटाबॉलिज्म पर असर

बार-बार वॉटर फास्टिंग करने से मेटाबॉलिज्म स्लो हो सकता है, जिससे लंबे समय में वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है।

### कुछ लोगों के लिए सुरक्षित नहीं

डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, लो ब्लड प्रेशर, प्रेग्नेंसी या किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को वॉटर फास्टिंग करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### युवक को बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख आगबबूला भाई ने कर दी हत्या

**करछना (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले सेमरहा गांव में शनिवार की रात 11 बजे पड़ोसी किशोर को बहन के साथ आपत्तिजनक अवस्था में देखकर भाई ने किशोर को गंगा नदी किनारे ले जाकर फावड़े से सिर पर मारकर मौत के घाट उतार दिया। सेमरहा गांव निवासी 17 वर्षीय राजू उर्फ सूबेदार निषाद पुत्र मानिकचंद्र निषाद शनिवार को पडोस में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां लगभग 11 बजे रात पड़ोस की लड़की के साथ आपत्तिजनक अवस्था में था। लड़की के भाई ने दोनों को एक साथ देखकर गुस्से से आग बबूला हो गया। गुस्साए युवक ने किशोर को अपने कुछ साथियों के साथ ले जाकर गंगा नदी के किनारे फावड़े से सिर पर मारकर उसकी हत्या कर दी।

### एक ही परिवार की 3 बहनें यूपी पुलिस में बनीं सिपाही

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्र के करकी गांव की तीन होनहार बहनें लड़कियों के लिए रोल माडल बन गई हैं। गांव की तीनों बहनों सुमन सिंह पटेल, मंजू सिंह पटेल और आराधना सिंह पटेल ने एक साथ यूपी पुलिस में सिपाही भर्ती परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है। पूरे गांव में जश्न का माहौल है। उनके पिता अनिल सिंह पटेल किसान हैं और माता राजकुमारी देवी गृहिणी हैं। उनके दादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यज्ञ नारायण सिंह पटेल थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना अहम योगदान दिया था। यह परिवार न केवल अपनी संघर्ष गाथा के लिए जाना जाता है, बल्कि अपनी नई पीढ़ी की शानदार उपलब्धियों के लिए भी प्रेरणा बना हुआ है।

### सिपाही ने फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली

**मुरादाबाद।** मझोला क्षेत्र की 112 में तैनात सिपाही ने रविवार की सुबह किराए के मकान पर फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। फोन रिसीव नहीं होने पर स्वजन कमरे पर पहुंचे तो शव फंदे पर लटका हुआ था। गजरौला के बुधबाजार निवासी अमित कुमार वर्ष 2016 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती मझोला क्षेत्र की 112 पुलिस में थी। वह मझोला क्षेत्र के लाइनपार में किराए के मकान पर रह रहे थे। शनिवार की शाम ड्यूटी करने के बाद सिपाही मकान पर चले गए। रविवार को सुबह सिपाही के पिता सोमपाल सिंह ने आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो सिपाही का शव फंदे पर लटका था।

### कहासुनी के बाद एक भाई की हार्ट अटैक पड़ने से मौत, दूसरे ने फंदा लगाकर दी जान

**उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र में चचेरे भाइयों में शनिवार देर रात कहासुनी हो गई। इसी बीच एक भाई की हालत अचानक बिगड़ने से मौत हो गई। स्वजन ने हार्ट अटैक से मौत की संभावना जताई। चीख पुकार के बीच विवाद करने वाले दूसरे चचेरे भाई ने भी घर में रस्सी लटककर जान दे दी। बांगरमऊ क्षेत्र के छतरपुर कोलिया निवासी 32 वर्षीय सुधीर पुत्र गंगा प्रसाद दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। होली त्योहार पर तीन दिन पहले दिल्ली से गांव लौटा था। शनिवार देर रात चचेरे भाई 25 वर्षीय अनूप पुत्र पप्पू से उसकी मामूली कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद सुधीर के सीने में अचानक दर्द उठा और वह गिर गया। स्वजन उसे लेकर मदार नगर गांव स्थित एक नर्सिंग होम ले गए, जहां से सीएचसी भेज दिया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विश्वास न होने पर स्वजन उसे लेकर कानपुर जिले बिल्हौर कस्बे के एक नर्सिंगहोम ले गए, वहां भी उन्हें निराशा हाथ लगी। इधर सुधीर की मौत की सूचना गांव पहुंचते ही अनूप डर गया और घर के अंदर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

# मार्च से पड़ने लगी भीषण गर्मी

**42**

**डिग्री पहुंचा ओडिशा में पारा**



**नई दिल्ली.** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि गर्मी की शुरुआत होते ही पूर्वी और पश्चिमी भारत में असामान्य तरीके से भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो गई है और कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तक पहुंच गया। अगर हम पिछले साल के बारे में बात करें, तो ऐसी गर्मी अप्रैल महीने की शुरुआत में दर्ज की गई थी।

भीषण गर्मी वाले क्षेत्रों में विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा, सौराष्ट्र, कच्छ, तेलंगना और रायलसीमा शामिल हैं। ओडिशा के झारसुगुड़ा में शुक्रवार को देश का सबसे अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को ओडिशा के ही बौध में देश का सबसे अधिक तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### IMD के अधिकारी ने दी जानकारी

आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया, ₹अभी भीषण गर्मी आने में थोड़ा समय है। लेकिन कभी-कभी कुछ वर्षों में हमें मार्च में ऐसे पैटर्न देखने को मिलते हैं। ऐसे पैटर्न आमतौर पर अप्रैल और मई में देखने को मिलते हैं। बता दें, पिछले साल ओडिशा में पहली भीषण गर्मी 5 अप्रैल को दर्ज की गई थी।₹

अगर दिल्ली की बात करें, तो सफदरजंग इलाके में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस साल के इस समय के लिए सामान्य से 7.1 डिग्री अधिक है। हालांकि, होली की शाम हुई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी। शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक था।



#### आईएमडी ने दी चेतावनी

बेमौसम गर्मी मुख्य रूप से ₹मध्य भारत के ऊपर एक बड़े उच्च दबाव वाले क्षेत्र₹ के कारण हो रही है।

18 मार्च तक ओडिशा में तथा 17 मार्च तक सौराष्ट्र और कच्छ में भीषण लू की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

16 मार्च को झारखंड, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र, छत्तीसगढ़, विदर्भ और उत्तरी तेलंगाना में तथा 18 और 19 मार्च को उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में भी लू की स्थिति रहने की संभावना है।

#### कहां है कैसा तापमान?

- विदर्भ के कई स्थानों और मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा, सौराष्ट्र, कच्छ, तेलंगाना और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच है।
- गुजरात और मध्य प्रदेश के कई स्थानों और छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में कुछ स्थानों पर 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान दर्ज किया गया है।
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, विदर्भ और गंगीय पश्चिम बंगाल में अलग-अलग स्थानों पर वर्तमान तापमान सामान्य से काफी ऊपर (5.1 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक) है।
- पश्चिमी मध्य प्रदेश और गुजरात के अधिकांश स्थानों पर; पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश और मराठवाड़ा के कई स्थानों पर; तथा मध्य महाराष्ट्र के कुछ स्थानों पर सामान्य से काफी अधिक तापमान (3.1°C से 5°C) दर्ज किया जा रहा है।
- 18 मार्च तक ओडिशा के कुछ इलाकों में रात में गर्म मौसम रहने की संभावना है।
- 16 मार्च को केरल, माहे, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के कुछ इलाकों में और 19 मार्च तक सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है।
- जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद के कुछ इलाकों में और तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और माहे के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य से काफी नीचे (5.1 डिग्री सेल्सियस या उससे कम) बना हुआ है।

## होली पार्टी में खूनी खेल, हाथापाई में 3 की मौत

- **नशे में धुत युवक ने महिला पर किया कमेंट तो हुआ बवाल**

**नई दिल्ली.** होली के दिन देश के कई हिस्सों से हिंसा और घटना की खबर सामने आई है। इसी कड़ी में कर्नाटक के बेंगलुरु से एक घटना सामने आई है, जहां होली की पार्टी के बाद तीन लोगों की मौत हो गई। नशे में धुत लोगों के एक समूह के बीच हुई लड़ाई में तीन लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है।

अधिकारियों ने बताया, अनेकल में रह रहे बिहार के एक ही गांव के छह मजदूरों के बीच एक महिला के बारे में अनुचित टिप्पणी को लेकर बहस शुरू हो गई थी।

ये सभी लोग एक निर्माणाधीन इमारत में पार्टी कर रहे थे। इन लोगों ने लड़ाई के दौरान लकड़ी के डंडे और लोहे की छड़ों का भी इस्तेमाल किया था।

इनके बीच हुई लड़ाई के बाद तीन लोग खून से लथपथ मिले थे। पहला शव अपार्टमेंट के रास्ते से बरामद किया गया, जबकि दूसरा एक कमरे के अंदर और तीसरा अपार्टमेंट के बाहर मिला।

दो लोगों की पहचान 22 वर्षीय अनसू और 23 वर्षीय राधे श्याम के रूप में हुई है, जबकि तीसरे पीड़ित की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इसके साथ ही एक घायल व्यक्ति को पुलिस हिरासत में ले लिया गय है और दो अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा लात -गडकरी

- **मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा, लेकिन अपने सिद्धांत पर अटल रहूंगा**



> हम कभी भी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। मैं चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, अपने सिद्धांत पर हमेशा अटल रहूंगा।
>
> **नितिन गडकरी**
> केंद्रीय मंत्री

**नागपुर.** केंद्रीय रोड और ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात।'

गडकरी ने एक अल्पसंख्यक संस्थान के दीक्षांत समारोह में कहा, 'मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। समाज सेवा सबसे ऊपर है। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा।'

#### भेदभाव नहीं करता

गडकरी ने कहा कि हम कभी भी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। मैं राजनीति में हूं और यहां कई तरह की बातें होती हैं। लेकिन मैंने अपने तरीके से काम करने का फैसला किया है। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि कौन मुझे वोट देगा।

उन्होंने कहा कि मेरे दोस्तों ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए तुम्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। लेकिन मैंने जीवन में इसी सिद्धांत पर चलने का निश्चय किया है। चुनाव हारने या मंत्री पद न मिलने से मैं मर थोड़े ही जाऊंगा।

#### मुस्लिम IPS-IAS बने तो सबका विकास

गडकरी ने बताया कि उन्होंने एमएलसी रहते हुए एक इंजीनियरिंग कॉलेज की अनुमति अंजुमन-ए-इस्लाम संस्थान (नागपुर) को ट्रांसफर कर दी थी। उन्हें लगा कि मुस्लिम समुदाय को इसकी ज़्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिम समुदाय से ज्यादा इंजीनियर, IPS और IAS अफसर बनेंगे तो सबका विकास होगा।

#### शिक्षा जीवन को बदल सकती है

गडकरी बोले, हमारे पास पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण है। आज अंजुमन-ए-इस्लाम के बैनर तले हजारों छात्र इंजीनियर बन चुके हैं। अगर उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिलता, तो कुछ नहीं हो पाता। शिक्षा की यही ताकत है। यह जीवन और समुदायों को बदल सकती है।

## पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी मारा गया

- **आतंकी हाफिज सईद का करीबी**



लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल शनिवार रात पाकिस्तान में मारा गया। पंजाब जिले में अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल LeT का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था।

पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था। इसमें 10 लोगों की जान गई थी।

सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि इस हमले में आतंकी हाफिज सईद भी मारा गया है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि जब अबू कताल अपनी कार से झेलम इलाके से गुजर रहा था, तो बाइकसवारों ने कार पर ओपन फायर कर दिया। इस हमले में अबू कताल मारा गया, जबकि कार में मौजूद हाफिज सईद घायल हुआ था। बाद में उसकी भी जान चली गई। हालांकि इन दावों का खंडन कर दिया गया है।

9 जून 2024 को आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर ओपन फायर किया था। हमले में ड्राइवर घायल हुआ था और उसका बस से कंट्रोल खो गया था। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए थे।

## तेजप्रताप यादव के आदेश पर डांस करने वाले पुलिसकर्मी को हटाया



**पटना.** लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव के आदेश पर होली पर डांस करने वाले पुलिसकर्मी दीपक कुमार को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर दूसरे सिपाही को तेजप्रताप का बॉडीगार्ड बनाया गया है। दरअसल, बिहार में होली के दिन 15 मार्च को तेजप्रताप यादव ने अपने आवास पर वर्दी में पुलिसकर्मी को डांस करने के लिए कहा था। तेजप्रताप ने अपने अंदाज में कहा- 'ठुमके लगाओ वरना सस्पेंड कर दिए जाओगे।'

होली के रंग में रंगे तेजप्रताप यादव बिना हेलमेट पहले स्कूटी से CM आवास के बाहर पहुंचे और कहा- 'ए पलटू चाचा, हैप्पी होली!'

इस मामले में भी कार्रवाई हुई है। बिना हेलमेट जिस स्कूटी को तेजप्रताप चला रहे थे उसका 4000 रुपए का चालान भी कटा गया है। गाड़ी का इंश्योरेंस और पॉल्यूशन फेल था। बिना हेलमेट गाड़ी चलाने का 1000 रुपए, पॉल्यूशन का 1000 रुपए और इंश्योरेंस फेल का 2000 रुपए का चालान भेजा गया है।

## सुनीता विलियम्स को लेने स्पेस स्टेशन पहुंचा मस्क का स्पेसक्राफ्ट

- **9 महीने से फंसे हैं दो एस्ट्रोनॉट**
- **19 मार्च को अंतरिक्ष से धरती पर लौटेंगे**



इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का स्पेसक्राफ्ट ड्रैगन करीब 28 घंटे बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गया है। आज 16 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 9:40 बजे इसने डॉकिंग की और 11:05 बजे हैच ओपन हुआ। ये स्पेसक्राफ्ट 9 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसी भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को पृथ्वी पर वापस लाएगा।

चार मेंबर की क्रू-10 टीम ने शनिवार को SpaceX के फॉल्कन 9 रॉकेट से भारतीय समयानुसार सुबह करीब 4:30 बजे उड़ान भरी थी। केनेडी स्पेस सेंटर से इसे लॉन्च किया गया था। क्रू-10 के स्पेस स्टेशन पहुंचने के बाद अब वहां मौजूद क्रू-9 के एस्ट्रोनॉट निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और अलेक्सांद्र गोरबुनोव ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में पृथ्वी पर लौटेंगे। ये चारों एस्ट्रोनॉट 19 मार्च को स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौट सकते हैं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर 5 जून 2024 को बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर स्पेस स्टेशन गए थे। ये 8 दिन का मिशन था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण ऐसा नहीं हो सका।

## मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी WPL चैंपियन



- **दिल्ली कैपिटल्स को 8 रन से फाइनल हराया**
- **हरमनप्रीत की फिफ्टी, सिवर-ब्रंट को 3 विकेट**

मुंबई इंडियंस ने 3 साल में दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में 8 रन से हराया। दिल्ली लगाातर तीसरी बार रनर-अप रही। ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई ने 7 विकेट खोकर 149 रन बनाए। दिल्ली की टीम 141 रन ही बना सकी। मुंबई से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अहम मौके पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने नैटली सिवर ब्रंट के साथ 89 रन की अहम पार्टनरशिप भी की। सिवर ब्रंट ने गेंदबाजी में 3 विकेट लिए और अपनी टीम का कमबैक कराया।

#### पावरप्ले में 2 विकेट गंवाए

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत खराब रही। टीम ने 14 रन के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए। यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर और नैटली सिवर ब्रंट ने पारी संभाली। हालांकि, दोनों ने बेहद धीमे बैटिंग की। 8वें ओवर के बाद हरमन ने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए, उन्होंने 15वें ओवर में टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। इसी ओवर में नैटली 30 रन बनाकर आउट हो गईं। उन्होंने हरमन के साथ 89 रन की पार्टनरशिप की। हरमन एक एंड पर टिकी रहीं, उनके सामने अमीलिया केर 2 और सजीवन साजना खाता खोले बगैर आउट हो गईं। हरमन भी 66 रन बनाकर आउट हो गईं। आखिर में जी कमलिनी ने 10, अमनजोत कौर ने 14 और संस्कृति गुप्ता ने 8 रन बनाकर टीम का स्कोर 149 तक पहुंचा दिया।

## वोटर ID-आधार लिंकिंग की अनिवार्यता पर 18 को बैठक

- **फर्जी वोटिंग को रोकने के लिए जरूरी**
- **फिलहाल 64 करोड़ वोटर्स का वोटर ID लिंक**



**नई दिल्ली.** वोटर ID डेटा में गड़बड़ी के आरोप के चलते चुनाव आयोग ने 18 मार्च को एक अहम बैठक बुलाई है। इसमें वोटर आईडी को आधार से लिंक करने को अनिवार्य करने पर चर्चा हो सकती है। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, UIDAI के सीईओ और लेजिसलेटिव सेक्रेटरी शामिल होंगे।

वर्तमान में वोटर आईडी और आधार लिंक करना ऑप्शनल (वैकल्पिक) है। सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि अगर कोई मतदाता अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक नहीं करता है, तो भी उसका नाम मतदाता सूची से नहीं हटेगा।

#### 64 करोड़ मतदाता जुड़ चुके हैं, 97 करोड़ का टारगेट

दिसंबर 2021 में लोकसभा ने चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक पारित किया था, जिसमें वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की सिफारिश की गई थी। चुनाव आयोग के अनुसार, अब तक 64 करोड़ मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड को आधार से लिंक करा चुके हैं, जबकि देश में कुल 97 करोड़ मतदाता हैं।

फर्जी वोटिंग और डुप्लिकेसी से बचने के लिए फैसला संभव

**फर्जी मतदान पर रोक:** इससे एक व्यक्ति के एक से अधिक स्थानों पर वोट डालने की संभावना खत्म होगी।

**डुप्लिकेसी का मसला हल होगा:** वोटर लिस्ट में डुप्लिकेट नामों के हटने से चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी।

**EPIC नंबर अपडेट होगा:** डुप्लीकेट वोटर कार्ड वालों को तीन महीने में नए EPIC नंबर जारी किए जाएंगे। हालांकि आधार लिंकिंग को लेकर कई एक्स्पर्ट्स और राजनीतिक दलों ने प्राइवेसी से जुड़ी चिंताएं जाहिर की है। उनका कहना है कि आधार जैसी संवेदनशील जानकारी को वोटर आईडी से जोड़ने से डेटा लीक का खतरा हो सकता है।

## जालंधर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड से हमला

**जालंधर.** जालंधर के रायपुर रसूलपुर में रहने वाले एक यूट्यूबर के घर पर किसी ने ग्रेनैड से हमला किया। जिस घर पर हमला किया गया, वह हिंदू विचारधारा वाले बताए जा रहे हैं। जिन पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है। इस मामले में पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने एक वीडियो जारी की है। वीडियो में उसने कहा है कि पंजाब के जालंधर में जो हमला हुआ है, वह ग्रेनेड हमला मैंने करवाया है। हमला इसलिए किया गया है क्योंकि मेरे इस्लाम, खाना काबा को गालियां निकलता था। यह लोग समझ रहे थे कि हम इनकी हरकत को भूल गए हैं। वीडियो में दावा किया गया कि अगर वह आदमी बच गया तो दोबारा हमला किया जाएगा। वीडियो में यह भी कहा कि मेरे भाई जीशान उर्फ जैसी पुरेवाल (जो बाबा सिद्दीकी मर्डर का मास्टरमाइंड है) और खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पसिया का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मेरी इस काम में मदद की।

## उत्तराखंड में भीड़ ने रिसॉर्ट में लगाई आग



**विकासनगर.** कोतवाली अंतर्गत बादामावाला पंचायत के पश्चिमवाला गांव के एक रिसॉर्ट में होली के रंग के दौरान युवकों की पहले कहासुनी हुई, पुलिस के समझाने के बाद सब चले गए।

थोड़ी देर में दो युवक अपने 20-30 साथियों के साथ आए और रिसॉर्ट में आग लगाकर फरार हो गए। रिसॉर्ट संचालक की तहरीर पर दो नामजद व 20-30 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर आग लगाने व हुड़दंग करने वाले युवकों को चिन्हित करने का काम कर रही है।

कोतवाली विकासनगर में रिसॉर्ट संचालक राहुल पुत्र सुरेश कुमार निवासी मेहूंवाला ने दी तहरीर में कहा कि ग्राम पंचायत बादामावाला के ग्राम पश्चिमवाला में आनंद वाटिका नामक रिसॉर्ट में नौ केबिन, हॉल, किचन के साथ-साथ बड़ा हाल व स्टाफ रुम थे। केबिन के बाहर एक सुन्दर गार्डन व चारों तरफ बांस की बाउन्ड्री थी। जिसमें सभी प्रकार के रिसॉर्ट चलाने के लिए राशन व सामग्री उपलब्ध थी।

होली के रंग के दिन शुक्रवार को अपरान्ह करीब सवा तीन बजे सागर निवासी गुडरिच, हिमांशु शर्मा उर्फ गोल्डी व उनके अन्य साथी के साथ आकर किसी बात को लेकर रिसॉर्ट में कुछ कहा सुनी हुई। जिस पर रिसॉर्ट संचालक राहुल द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।


### आम सूचना

मैं श्री बसंत लक्ष्मण यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 735 के पास, शास्त्री नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 25बीओ17278100) उक्त प्रॉपर्टी श्री परमहंस लक्ष्मण यादव, श्री हरिवंश लक्ष्मण यादव, श्री इंद्रजीत लक्ष्मण यादव, श्री महंत लक्ष्मण यादव, सुमन यादव, श्रीमती कमला अवदेश यादव व श्रीमती चनरामी उर्फ विमला रामयन यादव के नाम पर है। उनसे रिलीज डीड दि. 12.3.2025 सी.नं. 106 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बसंत लक्ष्मण यादव**

### आम सूचना

हम श्री विजय कुमार हरीराम सिंघ व श्री राजेश हरीराम सिंघ सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 533 चौ.फुट, सेंट्रल हॉस्पिटल के पास, सामने बैरक नं. 740, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 36बीओ006558800) उक्त प्रॉपर्टी श्री अवधेश हरीराम सिंघ के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 15.3.2025 सी.नं. 521 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विजय कुमार हरीराम सिंघ व श्री राजेश हरीराम सिंघ**

### आम सूचना

मैं श्रीमती कावेरी राज दास सभी को सूचित कर रही हूं कि शाप नं. 14, 585 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, सीमा अपार्टमेंट, खेमानी, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 24बीआय017154800) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोक फेरूमल कुकरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.3.2025 सी.नं. 534 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कावेरी राज दास**

## संक्षेप...

### सास की शिकायत पर दामाद अरेस्ट

**नवी मुंबई.** पनवेल के तहत आने वाले पलस्पे फाटा में 2 दिन पहले मैराथन नेक्सन हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की औरा बिल्डिंग की 29 वीं मंजिल पर रहने वाली एक महिला ने अपनी 8 साल की बेटी को बेडरूम की खिड़की से बाहर फेंक कर हत्या की थी, बाद में उसी खिड़की से कूदकर उसने आत्महत्या की थी. इस मामले में महिला की मां आरोप लगाया है कि उसका दामाद अपनी पत्नी को पीटता था और मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था, क्योंकि उसके पति का किसी अन्य महिला के साथ संबंध था.

# BJP ने किया उम्मीदवारों के नाम का ऐलान 3 सीटों पर होने हैं विधानपरिषद उपचुनाव



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधान परिषद उपचुनाव के लिए बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में तीन नाम को जगह दी गई है। जिनमें संदीप दिवाकरराव जोशी, संजय किशनराव केनेकर और दादाराव यादवराव केचे का नाम शामिल है। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं। सत्ताधारी गठबंधन महायुति में सीट शेयरिंग के अनुसार, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) इस उपचुनाव में एक-एक उम्मीदवार को मैदान में उतारेंगी, जबकि बीजेपी तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

महाराष्ट्र विधान परिषद उपचुनाव के प्रत्याशी संदीप जोशी नागपुर से आते हैं। उन्हें सीएम देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। छत्रपति संभाजीनगर से आने वाले संजय केनेकर ने पार्टी में महासचिव पद पर अच्छा काम कर चुके हैं। विधानसभा चुनाव में दादाराव केचे को टिकट नहीं मिला था, जबकि वो टिकट के प्रबल दावेदार थे। अब पार्टी ने उन्हें विधान परिषद में भेजने का फैसला लिया है।

महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 सीटें अमाशा पडवी, प्रवीण दटके, राजेश विटेकर, रमेश कराड और गोपीचंद पडलकर के विधानसभा चुनाव जीतने की वजह से खाली हुई है। महाराष्ट्र विधान परिषद में कुल 78 सदस्य हैं, जिनमें से 66 सदस्य मतदान की प्रक्रिया से चुने जाते हैं, जबकि 12 सदस्यों को राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाता है। उपचुनाव में नामांकन की आखिरी तारीख 17 मार्च है और 27 मार्च को मतदान होगा।

### 2 बाइक आपस में भिड़ी, 1 की मौत, 3 घायल

**पनवेल.** पनवेल तहसील के तहत आने वाले मालडुंगे गांव की सीमा विचित्र सड़क हादसा हुआ, जहां से गुजर रही 2 बाइक आपस में भिड़ गई. इस हादसे में 1 व्यक्ति की मौत हुई और 3 घायल हुए. घायलों को पनवेल स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन में इस घटना को दर्ज किया गया है.

# महाराष्ट्र को मिलेगी नई सौगात!

■ **CM देवेंद्र फडणवीस की PM मोदी से मुलाकात**



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 13 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई. खास तौर पर गढ़चिरौली को खनन क्षेत्र के रूप में विकसित करने लिए केन्द्रीय सहायता मांगी है.

इस भेंट को लेकर देवेंद्र फडणवीस द्वारा सोशल मीडिया साइट X पर पोस्ट भी किया गया, जिसमें उन्होंने लिखा, ₹भारत के दूरदर्शी, वैश्विक रूप से लोकप्रिय नेता, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मिलकर सम्मानित महसूस किया. उनके साथ कई प्रमुख विषयों पर विस्तृत और महत्वपूर्ण चर्चा की गई.₹

गढ़चिरौली को 'स्टील सिटी' के रूप में विकसित करने पर जोर

फडणवीस द्वारा आगे बताया गया कि इस चर्चा में विशेष रूप से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले को 'स्टील सिटी' के रूप में विकसित करने में हुई प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया. इस क्षेत्र को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र में बदलने की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी गई. साथ ही, इसे एक अग्रणी खनन हब के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से समर्थन का अनुरोध भी किया गया.

इसके अलावा, नागपुर हवाई अड्डे पर चल रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई. फडणवीस ने बताया कि इस बैठक के दौरान 15वें वित्त आयोग के तहत स्थानीय स्वशासन निकायों को जल्द से जल्द धनराशि जारी करने के महत्व को भी रेखांकित किया गया, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सकारात्मक आश्वासन दिया.

#### WAVES समिट और IICT की स्थापना की घोषणा

इस चर्चा के दौरान महाराष्ट्र को एक और बड़ी सौगात मिली. फडणवीस ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि महाराष्ट्र को 1 से 4 मई तक मुंबई में 'वर्ल्ड ऑडियो, विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (WAVES) की मेजबानी का अवसर प्रदान किया गया है.

उन्होंने कहा कि इसी अवसर पर मुंबई में भारतीय क्रिएटिव टेक्नोलॉजी संस्थान (IICT) की आधारशिला भी रखी जाएगी, जो IIT की तर्ज पर काम करेगा. इस महत्वपूर्ण पहल के लिए केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जाएगी.

फडणवीस ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लिखा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए उनके निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं.

# मुंबई में होली पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

■ **नियमों का उल्लंघन करने वालों से वसूले 1.79 करोड़ रुपए**



**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने होली और होलिका दहन के दौरान यातायात उल्लंघन की जांच के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 1.79 करोड़ रुपये के 17,495 चालान जारी किए. होलिका दहन और होली के दो दिनों (13 और 14 मार्च) पर कई यातायात उल्लंघनों की जांच के लिए मुंबई पुलिस और उनके यातायात विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में 1,79,79,250 रुपये के 17,495 चालान जारी किए गए.

मुंबई में प्रमुख चौराहों, सड़कों और राजमार्गों पर पुलिस चौकियों की स्थापना करके विशेष अभियान चलाए गए, जिसके तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई. मुंबई पुलिस ने क्या करें और क्या न करें की एक सूची भी जारी की थी और एक सलाह भी दी थी कि किन बातों का पालन करना चाहिए, ऐसा न करने पर महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त, उन जगहों पर विशेष अभियान चलाए गए, जहां यातायात उल्लंघन की संभावना थी.

#### किस मामले में कितने चालान?

इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने, गति सीमा से अधिक तेज चलने, बिना हेलमेट के बाइक चलाने, तीन लोगों को बैठाकर यात्रा करने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है. दोनों दिनों में बिना हेलमेट के वाहन चलाने के 4949 मामले, शराब पीकर वाहन चलाने के 183 मामले, गलत दिशा में वाहन चलाने के 33 चालान, वन-वे सड़क पर वाहन चलाने के 992 चालान, तीन लोगों को बैठाकर वाहन चलाने के 425 मामले, सिग्नल तोड़ने के 1942 मामले और बिना लाइसेंस के वाहन चलाने, वाहन चलाने के 826 लोगों पर मामला दर्ज किया गया.

#### होली पर अलग-अलग हादसों में कई लोग घायल

इस बीच, रंगों का त्योहार होली कुछ लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रहा, जो चोटिल हो गए, उन्हें शहर के नागरिक अस्पतालों में ले जाया गया. कुल मिलाकर, चार रोगियों को भर्ती करने की आवश्यकता थी, जबकि कई अन्य का ओपीडी में इलाज किया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई. दो को सायन के लोकमान्य तिलक अस्पताल ले जाया गया और अन्य दो का इलाज दक्षिण मुंबई के नायर अस्पताल में किया गया.

# मनपा आयुक्त ने घर-घर कूड़ा संग्रहण शुरू करने का दिया निर्देश



**ठाणे.** शहर में कूड़ा करकट की समस्या को दूर करने के लिए सीपी टैंक से आतकोली स्थित डंपिंग ग्राउंड तक कूड़ा करकट का स्थानांतरण शुरू हो गया है और अब ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने संबंधित विभाग को घंटा गाड़ियों के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण का काम शुरू करने का निर्देश दिया है।बुधवार 12 मार्च से सीपी टैंक पर जमा कचरे को 24 घंटे और तीन सत्रों में काम करते हुए आतकोली स्थित प्रक्षेपण स्थल पर भेजा जा रहा है।प्रतिदिन लगभग 90 वाहन इस कचरे को स्थानांतरित कर रहे हैं। अब तक लगभग सात हजार मीट्रिक टन कचरा सीपी टैंक से आतकोली स्थित प्रक्षेपण स्थल तक पहुंचाया जा चुका है।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि आतकोली भेजे जाने वाले कचरे पर खुशबूदार छिड़कने और मिट्टी की परत देने से पहले वैज्ञानिक तरीके से काम किया जा रहा है।आयुक्त राव ने रविवार शाम को वागले इस्टेट स्थित कचरा ट्रांसफर प्रोजेक्ट सीपी टैंक का दौरा किया।उन्होंने वहां जमा कचरे को जल्द से जल्द आतकोली भेजने की योजना की समीक्षा की।इस दौरे के दौरान अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त (कूड़ा करकट अपशिष्ट प्रबंधन) मनीष जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे सहित कूड़ा करकट अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर, 500 लोगों ने उठाया लाभ

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के समीप स्थित चाचा नेहरू हिंदी हाईस्कूल सभागृह में भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल, स्पेक्ट्रम हॉस्पिटल एवं श्री भैरव चैरिटेबल नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु मुफ्त स्वास्थ्य जांच, रक्त जांच, ईसीजी, सामान्य जांच, नेत्र परीक्षण, मधुमेह जांच कैंप का आयोजन किया गया. शिविर में आए हुए लोगों की जांच कुशल डाक्टरों की टीम द्वारा अंजाम दी गई. स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉ फ़राद मोमिन (फिजिशियन), डॉ तन्मय देव (ऑर्थोपेडिक सर्जन), डॉ सुधीर सुथार (जनरल सर्जन) ने विशेष सहयोग दिया. उक्त अवसर पर भाजपा विधायक महेश चौघुले, जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल, मंडल अध्यक्ष विकास बाफना, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा गाजेंगी, राजू गाजेंगी, पी डी यादव, कल्पना शर्मा, सुगंधा टावरे, डॉ प्रससन्ना सोमन सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे. मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का लाभ करीब 500 लोगों ने उठाया.

### एमएसआरटीसी की बस पलटी, 18 यात्री घायल

**मुंबई.** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस रायगढ़ जिले में पलट गई, जिसमें 18 यात्री घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना वरंधा घाट पर हुई, जब बस महाड़ की ओर जा रही थी। बस चालक के बयान का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि ब्रेक फेल होने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। उन्होंने बताया कि इसके बाद बस पलट गई, जिसमें 18 यात्री घायल हो गए। आपातकालीन टीमों के मौके पर पहुंचने से पहले स्थानीय लोग घायलों की मदद के लिए दौड़े। घायल यात्रियों को महाड़ के एक ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। एमएसआरटीसी के अधिकारियों ने भी दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है,


### आम सूचना

मैं श्री बसंत लक्ष्मण यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 735 के पास, शास्त्री नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 25बीओ17278000) उक्त प्रॉपर्टी श्री परमहंस लक्ष्मण यादव, श्री हरिवंश लक्ष्मण यादव, श्री इंद्रजीत लक्ष्मण यादव, श्री महंत लक्ष्मण यादव, सुमन यादव, श्रीमती कमला अवदेश यादव व श्रीमती चनरामी उर्फ विमला रामयन यादव के नाम पर है। उनसे रिलीज डीड दि. 12.3.2025 सी.नं. 105 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बसंत लक्ष्मण यादव**

### आम सूचना

हम श्रीमती गीतादेवी हरीलाल गुप्ता व श्री शनी हरीलाल गुप्ता सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, 100 चौ.फुट, शिवाजी रोड, शहद फाटक, हरमन मोहटा कंपनी, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 01एओ013952100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय परसराम बोटे अल्यास वाल्मीकि के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 27.8.2023 सी.नं. 24 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती गीतादेवी हरीलाल गुप्ता व श्री शनी हरीलाल गुप्ता**






**STAFF REQUIRED**

**SINDHI MALE**

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
**MR. RAJESH**
**Mob. No. : 9307579475**


### 10वीं-12वीं के रिजल्ट 15 मई से पहले घोषित किया जाएगा

**मुंबई.** १०वीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा ११ फरवरी और १२वीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा २१ फरवरी से शुरू हुई है। परीक्षा सामान्य से १० दिन पहले शुरू होने से रिजल्ट भी १५ मई से पहले घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, मुंबई, कोल्हापुर, अमरावती, नाशिक, लातूर और कोकण जैसे विभागीय मंडलों द्वारा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की बोर्ड के अधिकारी रोजाना समीक्षा कर रहे हैं। इसके साथ ही बताया गया है कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच स्कूल में ही करने के लिए शिक्षकों को अनिवार्य किया गया है। इसी के साथ ही जली उत्तरपुस्तिकाओं वाले १७५ छात्रों को औसत अंक मिलेंगे। १०वीं-१२वीं के छात्रों की परीक्षा नकल मुक्त कराने के लिए इस साल महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ-साथ पर्यवेक्षकों के लिए भी कई पद्धति अपनाई थीं.

**जीएम मोमिन वीमेंस कालेज के वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र में**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन




**भिवंडी.** यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय नासिक द्वारा संचालित केएमई सोसायटी जीएम मोमिन वीमेंस कालेज अध्ययन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन रईस हाईस्कूल के उर्दू बसेरा हॉल में बड़े उत्साह के साथ किया गया. समारोह की अध्यक्षता के.एम.ई सोसायटी के उपाध्यक्ष एड. यासीन मोमिन ने की. मुख्य अतिथि के रूप में राबिया गर्ल्स जूनियर कॉलेज की शिक्षिका नसरीन आरिफ शेख, विशेष अतिथि के रूप में रईस हाईस्कूल के चेयरमैन यासर तातली और प्रिंसिपल जिया-उर-रहमान अंसारी उपस्थित थे. ज़फ़र आलम जामेई ने मेहमानों का परिचय सहित स्वागत किया. प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी ने उद्घाटन भाषण देते हुए कहा कि दुनिया की कई संस्कृतियों में महिलाओं को नाजुक कहा गया है. यह नाजुकता, कमजोरी या दुर्बलता का पर्याय नहीं है। बल्कि, यह एक ऐसा गुण है जो विनम्रता, वफ़ादारी, प्रेम, ईमानदारी, त्याग और स्नेह जैसी शुद्ध भावनाओं का मिश्रण है. एड. यासीन मोमिन ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महिलाओं के लिए कोई एक ही विशेष दिन नहीं होना चाहिए बल्की 365 दिन महिलाओं को समर्पित होने चाहिए. मुख्य अतिथि नसरीन आरिफ शेख, यासर तातली, मुहम्मद रफी अंसारी, प्रिंसिपल जवेरिया काजी, दैनिक इंकलाब के उप संपादक डॉ.कुतबुद्दीन शाहिद, अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी आदि ने महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के महत्व पर जोर दिया. समारोह में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोमिन नाजिमा और प्रथम वर्ष की छात्रा सबा सलीम ने अपने विचार व्यक्त किए. एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा खान तरन्नुम और प्रथम वर्ष की छात्रा निदा शकील ने कविताएं प्रस्तुत कीं. इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज सफा आगा, खान जाकिर हुसैन, डॉ. मतीउल्लाह खान, सैयद एजाज हाशमी, फहीम मोमिन, जफर आलम जामयी, डॉ. अबू साद सहित बड़ी संख्या में अध्ययन केंद्र की छात्राएं मौजूद थी. कार्यक्रम का संचालन एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंसारी निदा शकील ने किया. अब्दुल अज़ीज़ अंसारी के आभार प्रदर्शन के साथ समारोह सम्पन्न हुआ.

# मैं खुद अल्पसंख्यक हूं, मुझे भारतीय होने पर गर्व है



एक्टर जॉन अब्राहम अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' की वजह से सुर्खियों में हैं। अपने एक नए इंटरव्यू में अभिनेता ने देश में माइनॉरिटी सेफ नहीं हैं, इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। एक इंटरव्यू के दौरान जॉन से पूछा गया कि क्या अल्पसंख्यक होने के नाते उन्हें भारत में असुरक्षित महसूस होता है? इस पूरी बहस पर उनका क्या कहना है?

अभिनेता ने इस बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने देश में कभी भी खुद को असुरक्षित महसूस नहीं किया।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जॉन ने कहा, 'शायद मैं एक अभिनेता हूं, लोग बहस करते हैं और कहते हैं, अरे, सुनो, तुम एक अभिनेता हो। आप जानते हैं, लोग शायद आपको किसी और वजह से पसंद करेंगे या नापसंद करेंगे। लेकिन मैं अल्पसंख्यक हूं। मेरी मां एक पारसी हैं। मेरे पिता एक सीरियाई ईसाई हैं। और मैंने अपने देश में जितना सुरक्षित महसूस किया है, उतना पहले कभी नहीं किया।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपने देश से प्यार करता हूं और मैं इसमें बहुत सुरक्षित महसूस करता हूं। इसलिए, जो लोग इसे सूली पर चढ़ाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल करते हैं । उनके लिए मैं इसका जीता जागता उदाहरण हूं। शायद मैं एक ऐसे अल्पसंख्यक समुदाय से आता हूं, जिससे किसी को कोई समस्या नहीं है।

मुझे नहीं मालूम... पारसियों से किसे दिक्कत होगी? अपने बारे में बात करूं तो मैं इस देश में बहुत सुरक्षित महसूस करता हूं और भारतीय होने पर मुझे बहुत अच्छा लगता है। मुझे यह भी लगता है कि शायद मुझसे ज्यादा भारतीय कोई नहीं है। मेरे कंधे पर यह चिप लगी हुई है कि मुझे लगता है कि मैं हर जगह भारतीय झंडा लेकर चलता हूं।'

बता दें कि एक्टर की फिल्म 'द डिप्लोमैट' में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में वो डिप्लोमैट जितेंद्र पाल सिंह का किरदार में नजर आ रहे हैं। फिल्म में पाकिस्तान में रह रही भारतीय लड़की उज्मा अहमद के रेस्क्यू की सच्ची कहानी दिखाई गई है। उज्मा के रेस्क्यू में जेपी सिंह का बड़ा अहम रोल था। उस वक्त जेपी सिंह पाकिस्तान स्थित इंडियन एंबेसी में बतौर ज्वाइंट हाई कमीशनर कार्यरत थे।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099